# भाजपा की राजनीतिक संकट खड़ा करने की साजिश हुई नाकाम : नेगी

**षड्यंत्र**

**8 सरकार गिराने के षड्यंत्र में केंद्र ने भी भाजपा का साथ दिया और एजेंसियों का दुरुपयोग किया**



चमन शर्मा

**शिमला:** राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने कहा है कि हिमाचल प्रदेश में राजनीतिक संकट खड़ा करने की भाजपा की साजिश पूरी तरह से नाकाम हो चुकी है और अब भाजपा नेता बौखलाहट में हैं।

उन्होंने कहा कि भाजपा ने एक चुनी हुई सरकार को गिराने के लिए अरबों रुपये का लेन-देन किया, विधायकों की ख?ीद फ रोख्त की, लेकिन भाजपा की मंशा पूरी नहीं हो सकी। जगत सिंह नेगी ने कहा कि कांग्रेस के पास 40 विधायक थे और तीन निर्दलीय विधायक भी राज्य सरकार के साथ थे, फि र भाजपा के पास ऐसी कौन की जादू की झड़ी थी कि तीन निर्दलीय विधायकों के अलावा कांग्रेस के छह विधायक भाजपा के साथ जा मिले। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के पास हॉर्स ट्रेडिंग के पुख्ता प्रमाण हैं। यह जयराम ठाकुर व भाजपा का सत्ता लोभ ही था, कि उन्होंने प्रदेश में राजनीतिक अस्थिरता पैदा करने की कोशिश की। सरकार गिराने के षड्यंत्र में केंद्र सरकार ने भी भाजपा का साथ दिया और केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग किया। कांग्रेस के छह दागी विधायकों को केंद्र सरकार ने सुरक्षा प्रदान की, उन्हें चार्टर्ड प्लेन और हेलीकॉप्टरों की सैर कराई और महंगे फाइव स्टार होटलों में ठहराया। लेकिन इसके बावजूद भाजपा का ऑपरेशन लोट्स फेल हो गया और भाजपा के इरादे कामयाब नहीं हुए। राजस्व मंत्री ने कहा कि हिमाचल प्रदेश की जनता कांग्रेस सरकार की ताकत है। भाजपा के पास धनबल होगा लेकिन कांग्रेस के पास जनबल है और इसी के सहारे मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू के नेतृत्व में वर्तमान राज्य सरकार अपना पांच वर्ष का कार्यकाल पूरा करेगी।

यही नहीं वर्ष 2027 में जनता के विश्वास पर खरा उतरते हुए कांग्रेस पार्टी एक फिर सरकार बनाएगी। उन्होंने कहा कि जयराम ठाकुर सत्ता के बिना मछली की तरह छटपटा रहे हैं और वर्ष 2022 में मिले जनादेश को पचा नहीं पा रहे हैं। इसलिए जो काम जनता के वोट से नहीं हो पाया, उसे भाजपा ने धनबल से करने का प्रयास किया है, जो असफ ल हो चुका है।

उन्होंने कहा कि नेता प्रतिपक्ष अपनी कुर्सी की पेटी अच्छी तरह से बांध कर रखें क्योंकि अभी उन्हें लंबे समय तक इसी कुर्सी पर बैठना पड़ेगा।

जगत सिंह नेगी ने कहा कि प्रदेश की जनता बिकाऊ राजनीति नहीं, बल्कि टिकाऊ राजनीति में विश्वास रखती है। इसलिए प्रदेश की जनता ख?ीदने वालों और बिकाऊ नेताओं को सबक. सिखाने के लिए तैयार बैठी है। एक जून को प्रदेश के मतदाता भाजपा को करारा जवाब देंगे और इसके बाद जयराम ठाकुर का सपना अधूरा रह जाएगा।

# पच्छाद में सडकों की खस्ता हालात के लिए भाजपा जिम्मेदार: विनोद सुल्तानपुरी

**एसपी जैरथ**

**नाहन:** हिमाचल निमार्ता डॉक्टर वाईएस परमार की जन्म भूमि पच्छाद विधानसभा क्षेत्र में सडकों की खस्ता हालत के लिए भाजपा जिम्मेदार है। भाजपा ने पूर्व के पांच वर्षों में पच्छाद विधानसभा क्षेत्र में सडकों के गड्ढे तक नहीं भरे।



यह बात शिमला संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस के लोकसभा प्रत्याशी विनोद सुल्तानपुरी ने शीनाघाट, डिलमन, नैनाटिक्कर, घीनीघाड़ में एक दर्जन से अधिक नुक्कड़ जन सभाएं संबोधित करते हुए लोगों से कहीं। विनोद सुल्तानपुरी ने कहा कि जिन सडकों से होकर में आया हूं, आधे से ज्यादा कच्चे हैं तथा पक्की सडकों की हालत भी बद से बदतर हो चुकी है। सडक में गड्ढे हैं या गढ़ों में सडक पता ही नहीं चल रहा है।पूर्व की भाजपा सरकार, दो बार भाजपा के पूर्व विधायक तथा भाजपा प्रत्याशी सुरेश कश्यप ने उन सडकों के लिए डबल इंजन की सरकार से कोई भी काम नहीं करवाया। विनोद सुल्तानपुरी ने सुरेश कश्यप पर जमकर हमला बोला। विनोद सुल्तानपुरी ने कहा कि उन्हें आज सुबह से 5 पंचायत प्रधान विभिन्न नुक्कड़ सभा में मिले। जब उनसे पूछा कि सांसद निधि से कितनी राशि मिली, तो पंचायत प्रधानों ने बताया कि उन्हें एक फू टी कोड़ी सांसद निधि से नहीं मिली। जिस पर सुल्तानपुरी ने जनसभा में लोगों को आश्वासन दिया कि जब वह सांसद बनेंगे, तो प्रत्येक पंचायत प्रधान को सांसद निधि से राशि दी जाएगी। विनोद सुल्तानपुरी ने सभी जनसभा में 26 अप्रैल को राजगढ़ में मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की रैली और 13 मई को शिमला में नामांकन दाखिल करने के लिए कार्यकताओं को आने के लिए भी अपील की। इसके साथ-साथ सुल्तानपुरी ने कहा कि जिस तरह उनके पिता को सिरमौर की जनता ने 6 बार सांसद बनाया है। इस तरह का सहयोग वह उन्हें भी दें। क्योंकि उनका सिरमौर से गहरा नाता है, वह सिरमौर वालों के दामाद हैं।

**न्यूज फ्लैश**

## करसोग में कर्मचारियों को करवाई गई पहली चुनाव रिहर्सल

**खेमचंद शास्त्री**

**मंडी:** लोकसभा चुनाव-2024 के दृष्टिगत 26-करसोग अ.जा. विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में पीआरओ, एपीआरओ और पीओ के लिए प्रथम चुनावी रिहर्सल का आयोजन राजकीय महाविद्यालय करसोग में सहायक रिटर्निंग अधिकारी व एसडीएम करसोग राज कुमार की अध्यक्षता में किया गया। राजकीय महाविद्यालय करसोग में आयोजित प्रथम चुनावी रिहर्सल में 588 पीआरओ, एपीआरओ और पीओ ने भाग लिया। रिहर्सल में मौजूद सभी अधिकारियों को मतदान के दौरान ईवीएम, बीवी पैट, ईवीएम का ट्रांसपोर्टेशन, ईवीएम को सील करना, चुनाव आयोग द्वारा जारी किए जाने वाले प्रेस कार्ड, फ ॉर्म 17, पोलिंग स्टेशन स्थापित करने, मॉक पोल करवाने, पोल क्लोजिंग और चुनाव के दौरान आने वाली विभिन्न समस्याओं के समाधान के संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर एसडीएम ने कहा कि पीआरओ, एपीआरओ और पीओ को चुनाव के दौरान उनको सौंपे गए कार्यों का पूरी ईमानदारी और कत्र्तव्यनिष्ठा के साथ निर्वहन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि चुनावी ड्यूटी में तैनात सभी अधिकारी व कर्मचारी चुनाव रिहर्सल में प्रदान की जाने वाली जानकारी को ध्यान से सुनकर अमल में लाएं ताकि चुनाव प्रक्रिया को बिना किसी बाधा या रुकावट के पूरा किया जा सके। उन्होंने कहा कि इस बार लोकसभा चुनावों में यूथ पोलिंग टीमों का भी गठन किया गया है जो मतदान प्रक्रिया को पूरा करवाने में सहयोग करेंगी। उन्होंने कहा कि 26-करसोग अ.जा. विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 2 मतदान केन्द्र पूर्णतया महिला कर्मचारियों द्वारा संचालित किए जाने है। जिनमे कुल 16 महिला कर्मचारी भाग लेंगी। चुनाव रिहर्सल में जिला नायब तहसीलदार राजेश जोशी विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस दौरान उन्होंने रिहर्सल में मौजूद सभी पीआरओ, एपीआरओ और पीओ को फ ॉर्म 17 के बारे में ईवीएम और वीवीपैट मशीनों में मॉक पोल करवाने सहित चुनाव सम्बन्धी विभिन्न विषयों पर विस्तृत जानकारी प्रदान की। चुनाव प्रक्रिया को समझने और अन्य जानकारियां प्राप्त करने के लिए रिहर्सल में उपस्थित सभी प्रजाईडिग अधिकारियों को हैंडबुक भी प्रदान की गई। इस अवसर पर जिला इलेक्शन तहसीलदार राजेश जोशी, तहसीलदार करसोग कैलाश कौंडल, सहित आदि उपस्थित रहे।

## धर्मपुर की घटना के बाद एचआरटीसी ड्राइवर यूनियन ने प्रबंधन के खिलाफ खोला मोचा, आंदोलन की दी चेतावनी

**चमन शर्मा**

**शिमला:** जोगिंदरनगर से अमृतसर जा रही परिवहन निगम की सेमी डीलक्स बस के नेरी कोटला में अचानक पिछले टायर खुलने के बाद जहां ड्राइवर को निलंबित कर दिया है वहीं इस फैसले से मुखर हुए एचआरटीसी ड्राइवर यूनियन ने इस फैसले को लेकर प्रबंधन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है।ड्राइवर यूनियन ने प्रबंधन पर एक तरफ ा कार्यवाही का आरोप लगाते हुए आंदोलन की चेतावनी दी है साथ ही ड्राइवर के साथ भेदभावपूर्ण रवैये का आरोप लगाया है।

एचआरटीसी ड्राइवर यूनियन के प्रदेशाध्यक्ष मान सिंह ने प्रबंधन पर आरोप लगाते हुए कहा कि प्रबंधन ड्राइवर के साथ भेदभाव कर रहा है जिसका परिणाम धर्मपुर घटना में ड्राइवर को बिना किसी कारण के निलंबित कर दिया गया ।उन्होंने कहा कि धर्मपुर में जो घटना हुई उस लीलैंड की बस में टाटा के युबोल्ट लगा दिए।इस घटना में ड्राइवर को निलंबित कर दिया गया जबकि मैकेनिक सहित सम्बंधित किसी भी अधिकारी पर कोई कार्यवाही नही हुई ।उन्होंने कहा कि इस मामले में मैकेनिक सहित आरएम व डीएम पर भी कार्यवाही हो। मानसिंह ने कहा कि अगर अगर बेकसूर ड्राइवर को बहाल नही किया जाता तो ड्राइवर यूनियन उग्र आंदोलन का रास्ता अपनाएगा।उन्होंने प्रबंधन पर आरोप लगाते हुए कहा कि ड्राइवर को प्रताड़ित किया जा रहा है। अगर बस के के कलपुर्जे टूट जाये तो ड्राइवर से बिना किसी वजह से प्रबंधन द्वारा रिकवरी की जा रही है।उन्होंने कहा कि ड्राइवर के अतिरिक्त अगर अन्य किसी भी स्थान पर भर्ती हो तो उसमें ड्राइवर को भी 50:कोटा निर्धारित किया जाए। इस बाबत प्रबंधन को मांग पत्र भी सौंपा गया है।

## चुनाव के दौरान समन्वय स्थापित कर कार्य करें सभी मुलाजिम : एडीएम

**चमन शर्मा**

**शिमला :** ठाकुर रामलाल मैमोरियल राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय (छात्र) जुब्बल में आज आगामी लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत रिहर्सल का आयोजन किया गया। समारोह की अध्यक्षता अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी (कानून एवं व्यवस्था) अजीत भारद्वाज ने की। अजीत भारद्वाज ने उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को कहा कि सभी लोग आपस में समन्वय स्थापित कर कार्य करें ताकि लोकसभा चुनाव का सफल निष्पादन हो सके। उपमण्डलाधिकारी जुब्बल राजीव सांख्यान ने उपस्थित कर्मचारियों को चुनाव से संबंधित जरूरी दिशा.निर्देश दिए। राजीव सांख्यान ने बताया कि ईवीएम को लेकर चुनाव आयोग बहुत संवेदनशील है तथा ईवीएम के परिचालन एक परिवहन के दौरान विशेष सावधानी बरतने की आवश्यकता है।

इसके अतिरिक्त तहसीलदार निर्वाचन शिमला राजेन्द्र शर्मा ने भी अपने अनुभव साझा किये तथा जरूरी दिशा.निर्देश भी दिये। इस अवसर पर नायब तहसीलदार संजीव शर्मा, शिक्षा विभाग एवं अन्य विभागों के कर्मचारियों के अतिरिक्त तहसीलदार जुब्बल, कोटखाई, नायब तहसीलदार जुब्बल, कोटखाई, टिक्कर, बीडीओ जुब्बल कोटखाई एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

## प्रदेश सरकार ने युवाओं के साथ किया छल: इंद्र दत्त लखनपाल

**विवेकानंद वशिष्ठ**

**हमीरपुर:** बड़सर विधानसभा में उपचुनाव में भाजपा के प्रत्याशी इंद्र दत्त लखनपाल ने बूथ स्तर पर लोकसभा चुनावों ब विधानसभा उप चुनाव को लेकर अपना बूथ सबसे मजबूत अभियान के अंतर्गत आभियान शुरू कर दिया है। इसी के चलते आज बुधवार के दिन विभिन्न बूथों पर मीटिंग आयोजित की गई। युवाओं को एक लाख नौकरी देने की बात निकली झूठी गारंटी। प्रदेश के मुखिया के गृह जिले में स्वास्थ्य सेवाएं चरमराई। बड़सर विधानसभा के मुख्य अस्पताल में सर्जन तो है लेकिन ऑपरेशन थिएटर नहीं ।अल्ट्रासाउंड वा एक्सरे की मशीन है लेकिन स्थाई रेडियोलॉजिस्ट नहीं।



उन्होंने रैली, जजरी, फ गोटी, लोहारली, चकमोह, कोटला, बाल-ठाकरु, दलचेहडा, घंगोट, बड्डू, इत्यादि बूथों पर पार्टी कार्यकताओं के साथ बैठक की। इस पर उन्होंने प्रदेश सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि प्रदेश सरकार ने युवाओं को एक लाख नौकरी के को देने की बात की थी जो की गारंटी झूठी निकली है।उन्होंने यह भी कहा कि प्रदेश सरकार के पास बजट नहीं है मुख्यमंत्री के गृह जिले में स्वास्थय विभाग के पास जहां डॉक्टर हैं वहां मशीनरी नहीं है। बड़सर के सबसे बड़े अस्पताल की बात की जाए तो न गुणवत्ता पूर्ण संसाधन और न ही कोई नीति। बड़सर विधानसभा का मुख्य हॉस्पिटल रेफरल हॉस्पिटल बनकर रह गया है। यहां पर सर्जिकल ऑपरेशन करने वाला डॉक्टर तो है लेकिन ऑपरेशन थिएटर ही नहीं है अल्ट्रासाउंड व एक्सरे की मशीन है तो है लेकिन रेडियोलॉजिस्ट नहीं है मुख्यमंत्री ने बडसर से एचआरटीसी की लगभग एक दर्जन बसों के रूट डायवर्ट कर दिए गए। अस्पतालों में हिमकेएर एवं आयुष्मान कार्ड से इलाज नहीं हो पा रहा।

सतलुज से पानी उठाने की स्कीम को ठंडे बस्ते में डाल दिया है उन्होने साथ यह भी कहा कि हम उपचुनाव एवं लोकसभा में भारी मतों से जीत दर्ज करेंगे साथ में केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर को भी बड़सर विधानसभा से भारी लीड दिलवाएंगे।

## जल्दी से जल्दी पूर्ण करें शी-हाट का निर्मा कार्य :तोरुल एस रवीश

**श्याम कुल्वी**

**कुल्लू :** नेचर पार्क बबेली मे बनने वाले शी-हाट के निर्माण कार्य की प्रगति की समीक्षा बारे उपायुक्त कार्यालय मे बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक मे ग्रामीन विकास विभाग के अधिशासी अभियन्ता ने जानकारी देते हुये बताया कि बबेली मे निर्मित होने वाले शी-हाट के भवन का निर्माण कार्य तेजी से प्रगति पर है इसका निर्माण 1 करोड़ 83 लाख रुपए की लागत से पूर्ण किया जाना है। उपायुक्त ने बीडीओ तथा पीओडीआरडीए को



निर्देश देते हुये कहा कि इस शी- हाट का निर्माण जल्दी से जल्दी करवायें और इसके निर्माण के साथ यहाँ भविष्य की आवश्यकता के अनुसार इंटीरियर डीजाईनिंग के लिए भी योजना बनाएं इसके लिए निफ्ड की भी मदद ली जा सकती है। नेचर पार्क बबेली मे बनने वाले शी-हाट के बन जाने से यहाँ की स्थानीय महिलाओं को स्थानीय उत्पादों हथकरघा, हस्तशिल्प, स्थानीय व्यंजनों आदि की विक्री के लिए स्थान उपलब्ध होगा तथा पर्यटकों को ठहरने की सुविधा भी मिलेगी

## हिमाचल के मंडी में बस दुर्घटनाग्रस्त, पेड़ों ने बचाया बड़ा हादसा

**शिमला**

हिमाचल प्रदेश के मंडी जिले के धर्मपुर उपमण्डल में बुधवार को एचआरटीसी की एक बस दुर्घटनाग्रस्त हो गई।

गनीमत रही कि बस पेड़ों के सहारे रुक गई और बड़ा हादसा होने से बच गया। हादसे का शिकार हुई बस में करीब 30-40 यात्री सवार थे। हादसे में कोई चोटिल नहीं हुआ है।

पुलिस के मुताबिक धर्मपुर वाया मनुधार कमलाह ब्रैहल रूट पर जा रही एचआरटीसी धर्मपुर डिपो की बस मनुधार में बुधवार सुबह दुर्घटनाग्रस्त हो गई।

## राष्ट्रपति के प्रस्तावित दौरे को लेकर जिला दंडाधिकारी की अध्यक्षता में बैठक आयोजित



**चमन शर्मा**

**शिमला:** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 4 से 8 मई, 2024 तक शिमला आ रही हैं और इस प्रस्तावित दौरे के दौरान वह शिमला स्थित राष्ट्रपति निवास दी रिट्रीट में रुकेंगी। यह जानकारी गत दिवस को जिला दंडाधिकारी शिमला अनुपम कश्यप ने राष्ट्रपति के प्रस्तावित दौरे की तैयारियों को लेकर आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए दी। उन्होंने सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को सभी तैयारियां समयबद्ध पूर्ण करने के निर्देश दिए।उन्होंने बताया कि राष्ट्रपति 4 मई को दिल्ली से शिमला पहुंचेगी और अपने आधिकारिक निवास स्थान दी रिट्रीट में रुकेंगी। 5 मई को राष्ट्रपति कैचमेंट एरिया का दौरा करेंगी। उन्होंने बताया कि 6 मई को वह जिला कांगड़ा के दौरे पर रहेंगी और सांय शिमला वापिस आएगी। 7 मई को राष्ट्रपति संकट मोचन मंदिर और तारा देवी मंदिर में पूजा-अर्चना करेंगी तथा सांय माल रोड पर भ्रमण करेंगी। इसके पश्चात वह ऐतिहासिक गेयटी थियेटर में सांस्कृतिक संध्या का आनंद लेंगी और उसके बाद राजभवन में रात्रि भोज का आयोजन होगा। उन्होंने बताया कि राष्ट्रपति 8 मई को प्रातः शिमला से वापिस दिल्ली के लिए रवाना होंगी। जिला दण्डाधिकारी ने लोक निर्माण विभाग को हवाई अड्डा से दी रिट्रीट तक तथा संकट मोचन मंदिर व तारा देवी मंदिर के लिए जाने वाले मार्गों को दुरुस्त करने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त उन्होंने इन मार्गों पर बिजली की तारों का बेहतर रखरखाव सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने नगर निगम शिमला, साडा और वन विभाग को दी रिट्रीट और आसपास के क्षेत्र में व्यापक सफ ाई अभियान चलाने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त उन्होंने एसजेपीएनएल को दी रिट्रीट के लिए पानी की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने तथा प्रतिदिन जल भण्डारण स्त्रोत के टीडीएस मात्रा की जांच करने के भी निर्देश दिए।

## राजकीय माध्यमिक पाठशाला कुटाहची में मां भी पाणा वोट

**सुभाग सचदेवा**

**गोहर:** नाचन विधानसभा के अंतर्गत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कुटाहची में मा भी पाणा वोट थीम के तहत स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदान का महत्व समझाया गया और मतदान की शपथ दिलाई गई। प्रधानाचार्य डोम सिंह की अध्यक्षता में स्वीप प्रोग्राम के तहत मतदान के प्रति जागरूकता व मतदान के महत्व के लिए प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया। इसमें विद्यालय के छात्र छात्राओं ने भाग लिया कार्यक्रम के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं का इसमें आयोजन किया गया। पेंटिंग प्रतियोगिता, नारा लेखन व रंगोली प्रतियोगिता का



आयोजन किया गया प्रतियोगिता में सबसे उत्तम प्रदर्शन करने वाले छात्रों को प्रधानाचार्य द्वारा सम्मानित भी किया गया। पेंटिंग प्रतियोगिता में प्रोमिला और वंशिका, नारा लेखन में चम्पा देवी और तनुजा क्रमशः प्रथम और द्वितीय स्थान पर रहे। प्रधानाचार्य द्वारा भारत में सफल लोकतंत्र के लिए मतदान का क्या महत्व है मतदान क्यों अनिवार्य है। इसके बारे में छात्रों को जागरूक किया गया। इस कार्यक्रम में मतदाता साक्षरता क्लब के इंचार्ज मुरारी, स्टाफ सदस्य, बच्चे व स्थानीय लोग शामिल रहे।

## आपकी संपत्ति और कमाई जब्त करने की फिराक में है कांग्रेस और इंडी एलायंस

**खेमचंद शास्त्री**

**मंडी:** कांग्रेस और इंडी एलायंस वित्तीय और संस्थागत सर्वेक्षण के नाम पर जनता की गाढ़ी कमाई धन दौलत सम्पत्ति घर जमीन जायदाद जब्त करने की फि राक में है। आपकी पैतृक संपत्ति और बच्चों के भविष्य को सुरक्षित करने के लिए मेहनत से बनाए गए सभी संसाधनों को भी हड़पने का सपना देख रही कांग्रेस अपने मकसद को पूरा के लिए इसे पुनर्वितरण का नाम दे रही है। भाजपा प्रदेश मुख्य प्रवक्ता व विधायक राकेश जम्वाल ने कहा कि कांग्रेस और इंडिया गठबंधन के घोषणा पत्र से यह तस्वीर बिल्कुल स्पष्ट झलक रही है की आम जनता की संपत्ति घर सोना एफडी कुछ भी सुरक्षित नहीं



रहेगा यही कांग्रेस का हिडन एजेंडा है। उन्होंने कहा कि देश में लोकसभा चुनावों की प्रक्रिया के दौरान जहां कांग्रेस व इंडी गठबंधन के कई बड़े नेता अन्यत्र स्थानों पर चुनावी रैलियों में वित्तीय और संस्थागत सर्वेक्षण करवाने की बात कर रहे हैं, तो कांग्रेस के एक बड़े नेता ने देशभर में ऐसे सर्वेक्षण करवा कर संपत्ति पुनर्वितरण की बात कही है। जिससे एक बड़ा मुद्दा देश भर में खड़ा हुआ है कि हमारी पैतृक संपत्ति और अपने बच्चों के भविष्य को सुरक्षित बनाने के लिए कड़ी मेहनत से खड़े किए संसाधनों को कांग्रेस और इंडी गठबंधन एक पूर्व नियोजित योजना के तहत जप्त करने की फिराक में है। इस पूर्व नियोजित योजना इसलिए कहा जा सकता है क्योंकि अब तक के इतिहास में जब भी कांग्रेस देश की सत्ता पर बैठी है उसने अपने वोट बैंक की राजनीति को सुरक्षित करने के लिए देशवासियों को एकता के सूत्र में पिरोने की बजाय वर्ग विशेष की परिभाषित करते हुए न केवल उन्हें अधिकांश लाभ पहुंचाने का काम किया बल्कि बाकी सभी देश के नागरिकों के साथ भेदभावपूर्ण रवैया अपनाया है। विधायक राकेश जम्बाल ने कहा कि वर्ष 2014 में सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास इस मंत्र को ध्येय बनाकर देश को विकसित भारत बनाने की राह पर अग्रसर करने वाली मोदी सरकार बनने के पश्चात कांग्रेस लगातार अपना ग्राफ खो रही है क्योंकि देश को तोड? और लूटने के उनके हिडन एजेंडे धीरे-धीरे लगातार जनता के सामने आए हैं। इस बार फि र कांग्रेस और उसके सहयोगी दल ऐसा प्रयास कर रहे हैं की कुछ भी झूठ बोलकर कैसे भी जनता को भ्रमित कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पीछे किया जाए और यह लोग अपने देश को लूटने और तोड? के मकसद को आगे बढ़ा सकें। विधायक राकेश जम्बाल ने कहा कि कांग्रेस सहित इसके सहयोगी दल तो अभी केवल वित्तीय और संस्थागत सर्वेक्षण एवं पुनर्वितरण के नाम पर जनता को ठगने का प्रयास कर रहे थे। लेकिन अभी हाल ही में कांग्रेस के एक और बड़े सलाहकार का साक्षात्कार सामने आया है जिसमें वह अमेरिका में लगने वाले विरासत टैक्स की बात कर रहे हैं जिसके अनुसार आपकी सारी संपत्ति का 55 प्रतिशत हिस्सा सरकार के पास चला जाता है। जो दशार्ता है कि कांग्रेस देश के नागरिकों को आगे बढ़ाने समृद्धशाली बनने और सशक्त बनने के मौके देने की बजाय उनकी खुद की कमाई और संसाधनों को जप्त करने और लूटने की मंशा रखती है।

## कांग्रेस के खतरनाक इरादे एक के बाद एक खुलकर सामने आ रहे हैं: बिंदल

**चमन शर्मा**

**शिमला:** भजला प्रदेश अध्यक्ष डॉ राजीव बिंदल ने कहा की कांग्रेस पार्टी के खतरनाक इरादे एक के बाद एक खुलकर सामने आ रहे हैं। शाही परिवार के शहजादे के सलाहकार, शहजादे के पिता जी के भी सलाहकार सैम पित्रोदा ने कुछ समय पहले कहा था कि हमारे देश का जो मिडिल क्लास है, जो मेहनत करके कमाते हैं। उन पर ज्यादा टैक्स लगना चाहिए। अब ये लोग उससे भी एक कदम आगे चले गए हैं। अब कांग्रेस का कहना है कि वो माता-पिता से मिलने



वाली विरासत पर भी टैक्स लगाएगी। उन्होंने कहा की आप जो अपनी मेहनत से संपत्ति जुटाते हैं, वो आपके बच्चों को नहीं मिलेगी। वो भी कांग्रेस का पंजा आपसे छीन लेगा। कांग्रेस का मंत्र है आपसे छीन लेगा, आपको लूट लेगा। कांग्रेस का मंत्र है, जिंदगी के साथ भी, जिंदगी के बाद भी। जब तक आप जीवित रहेगी, कांग्रेस आपको ज्यादा टैक्स से मारेगी। जब आप जीवित नहीं रहेंगे तो इन हेरिटेंट का टैक्स बोझ लाद देगी। जिन लोगों ने पूरी कांग्रेस पार्टी पैतृक संपत्ति मानकर अपने बच्चों को दे दी, वो नहीं चाहते कि सामान्य भारतीय अपने बच्चों को दें। हमारा देश संस्कारों से, संस्कृति से उपभोक्तावादी देश नहीं है। हम संरक्षित, संवर्द्धन करने में विश्वास करते हैं, संरक्षित करने में विश्वास करते हैं।

# राजीव के हाथ के खाने का स्वाद आज तक नहीं भूले मुख्यमंत्री

**मिसाल**

**8 मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने बुधवार को एक बार फिर सादगी की मिसाल पेश की।**

**विजय समयाल**

**कांगड़ा।** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने बुधवार को एक बार फिर सादगी की मिसाल पेश की। नादौन से गग्गल एयरपोर्ट जाते समय मुख्यमंत्री कांगड़ा बाईपास पर एकाएक रुक गए। साथ में मौजूद स्टाफ को लगा किसी काम से रुके होंगे, लेकिन वह गाड़ी से उतरते ही सडक किनारे खड़ी फू ड वैन की तरफ चल पड़े। मुख्यमंत्री को देखकर फू ड वैन संचालक राजीव शर्मा उनकी ओर दौड़े। राजीव ने दुआ सलाम कर मुख्यमंत्री का कुशलक्षेम जाना तो मुख्यमंत्री ने राजीव को गले लगा लिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि राजीव से उनकी पुरानी जान पहचान है। राजीव खाना बहुत अच्छा बनाते हैं। उनके हाथ के खाने का स्वाद आज तक नहीं भूला। मुख्यमंत्री ने राजीव को 50 फ ीसदी सब्सिडी पर इलेक्ट्रिक वाहन लेने के लिए कहा। मुख्यमंत्री के रुकने पर राजीव गदगद हो गए। उन्होंने मुक्त कंठ से मुख्यमंत्री सुक्खू की तारीफ की। राजीव ने बताया कि वह कांगड़ा के गांव अब्दुल्लापुर से हैं। बीते आठ साल से वह फू ड वैन लगाकर जीवनयापन कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने 2022 में उनके पास खाना खाया था। वह नगरोटा बगवां में प्रियंका गांधी के रोड शो में शामिल होने जा रहे थे।उसके बाद एक बार दोबारा दुआ सलाम हुई। बुधवार को मुख्यमंत्री एक बार फि र उनके पास रुके और हालचाल जाना। मुख्यमंत्री बहुत ही मिलनसार हैं। वह हर किसी से मिलते हैं और गरीबों की मदद करना उनके स्वभाव में है। आपदा में उन्होंने बाढ़ प्रभावितों की काफी मदद की।



# राज्यपाल से प्रशिक्षु अधिकारियों ने भेंट की

**भेंट**

**8 ये प्रशिक्षु अधिकारी हिमाचल प्रदेश लोक प्रशासन संस्थान (हिप्पा), शिमला में प्रशिक्षण ले रहे हैं।**



**चमन शर्मा**

**शिमजा:** राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल से आज हिमाचल प्रदेश वित्त एवं लेखा सेवा (एचपीएफ एएस) के 30 प्रशिक्षु अधिकारियों ने राजभवन में भेंट की। ये प्रशिक्षु अधिकारी हिमाचल प्रदेश लोक प्रशासन संस्थान (हिप्पा), शिमला में प्रशिक्षण ले रहे हैं। राज्यपाल ने प्रशिक्षु अधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि वित्तीय प्रबंधन जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्र में सफल होना उनके समर्पण व कड़े परिश्रम का परिणाम है। उन्होंने कहा कि उन्हें अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करते समय जनहित और राज्य कल्याण को सर्वोच्च अधिमान देना चाहिए। उन्होंने प्रशिक्षुओं से कहा कि उनका उद्देश्य अपने ईमानदार प्रयासों और राज्य के प्रति सच्ची निष्ठा से हिमाचल को सशक्त बनाना होना चाहिए। शुक्ल ने कहा, आप जिस भी विभाग में सेवा करें, नैतिकता व मयार्दा बनाए रखें और अपनी सेवाओं के प्रति समर्पित रहें। उनसे बातचीत करते हुए राज्यपाल ने कहा कि जनता के प्रति जवाबदेही बहुत जरूरी है। राज्यपाल ने उन्हें पेशेवर दृष्टिकोण के साथ अधिक समर्पण और ईमानदारी से काम करने को कहा। हिप्पा के अतिरिक्त निदेशक प्रशांत सरकैक ने बताया कि उक्त प्रशिक्षण पांच.पांच महीने में दो भागों में होगा। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूरा करने के बाद प्रशिक्षुओं को परीक्षा उत्तीर्ण करनी होगी। दोनों भागों में सफल उम्मीदवारों को ही वित्त विभाग द्वारा किसी सरकारी विभाग या संस्थान में नियुक्त किया जाएगा।

## भाजपा मुद्दा विहीन पार्टी, जनता चुनाव में सिखाएगी सबक

**चमन शर्मा**

**शिमला:** कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष संजय अवस्थी ने भाजपा के आरोपों पर वार किया है और भाजपा को नसीहत देते हुए कहा कि जिसके घर शीशे के हो वो दूसरे के घर पर पत्थर नही मरते। उन्होंने कहा भाजपा मुदहविहीन पार्टी बन चुकी है और इन चुनाव में भाजपा के पास कोई भी मुद्दा नहीं है केवल आरोप प्रत्यरोप की राजनीति कर रहे है।5 साल प्रदेश में भाजपा की सरकार रही और उनके पास कोई उपलब्धि नही है जिसे लेकर जनता के बीच लेकर जाए ।15 महीने के कार्यकाल के दौरान जिस तरह की मानसिकता भाजपा ने दिखाई है उससे भी लोगो मे रोष है।

# बिलासपुर में आईसीडीए के ट्रेनर्स ने की पीजी कॉलेज के हॉकी मैदान की सफाई

**स्वच्छता**

**8 आईसीडीए यानि इंडियन करियर डिफेंस अकेडमी के ट्रेनरों ने स्वच्छता अभियान छेड़ा है**



**कश्मीर ठाकुर**

**बिलासपुर:** बिलासपुर शहर के बीचों बीच स्थित पीजी कालेज के हॉकी मैदान में आईसीडीए यानि इंडियन करियर डिफेंस अकेडमी के ट्रेनरों ने स्वच्छता अभियान छेड़ा है। मैदान के चारों ओर उगी झाडि ?ों को उखाड ? के लिए सुबह के सत्र में अभ्यास करने आते आईसीडीए के ट्रेनरों ने बीते रोज मैदान के चारों ओर अवांछित झाडि ?ों को उखाड़ा। यहां पर पड़ी लोहे की जालियों और अन्य सामग्री को हटाकर साफ -सफ ाई की। वहीं सूखा कूड़ा एक जगह एकत्रित किया तथा आग के हवाले किया। इन ट्रेनरों नेतृत्व कर रहे इनके कोच और एमडी मनोज चंदेल ने बताया कि मैदान की स्वच्छता खिलाडि ?ों को न सिर्फ तरोताजा रखने में मदद करती है बल्कि मानसिक सुकून भी प्रदान करती है। उन्होंने कहा कि मैदान का रखरखाव और स्वच्छ रखना न सिर्फ उनकी बल्कि सभी खिलाडि ?ों की नैतिक जिम्मेवारी बनती है। क्योंकि मैदान हमें स्वस्थ रहने का मंच प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि बरसात के मौसम के बाद मैदानों के चारों ओर गाजर बूटी की भरमार हो जाती है जबकि यहां डंगे पर भी अनावश्यक झाडि ?ां उग आई हैं। उन्होंने कहा कि प्रतिदिन थोड़ा समय निकाल कर इस झाडि ?ों को उखाड़ा जा रहा है। इस काम में सुबह खेलने के लिए आने वाले खिलाड़ी भी हाथ बटा रहे हैं। उन्होंने कहा कि झाडि ?ों को उखाड ? के बाद मैदान के चारों ओर चूने का छिडकाव भी किया जाएगा ताकि कीटाणुओं का नाश हो सके। उन्होंने अन्य खिलाडि ?ों से भी मैदान को स्वच्छ बनाए रखने में सहयोग की अपील की है। इस अवसर पर उनके साथ सहायक कोच सूर्या भी मौजूद रहे। वहीं सुबह खेलने आने वाले युवाओं का नेतृत्व कर रहे साहिल अज्जू और विशाल कौशल ने बताया कि मैदानों की देखभाल करना खिलाडि ?ों का भी दायित्व है। इसलिए मैदान में पड़े पत्थर और कूड़ा कर्कट को नित्य साफ किया जाता है। उन्होंने लोगों से आहवान किया कि मैदान में किसी प्रकार की गंदगी न फैलाएं। इस स्वच्छता अभियान में आईसीडीए के साथ खिलाडि ?ों में रजत पटियाल, अमन बनियाल, अभिषेक राणा, विकास टेस्सू, निशांत शर्मा, मनोज पटियाल, विवेक, दीपक, हेमंत, व विजय आदि मौजूद थे।

## संक्षिप्त खबरें

### जोगिंद्रनगर में मतदान कर्मियों की पहली चुनावी रिहर्सल सम्पन्न

**22 मई को होगी दूसरी चुनावी रिहर्सल**



**संगराय**

**जोगिंद्रनगर:** आगामी एक जून को होने जा रहे आम लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत 31-जोगिन्दर नगर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र से तैनात मतदान कर्मियों की पहली चुनावी रिहर्सल आज सम्पन्न हुई। इस चुनावी रिहर्सल में 922 मतदान कर्मियों तथा 12 सेक्टर अधिकारियों ने भाग लिया। दूसरी चुनावी रिहर्सल आगामी 22 मई को आयोजित की जाएगी। सहायक रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम मनीष चौधरी ने बताया कि मतदान कर्मियो इस चुनावी रिहर्सल में कुल 922 मतदान कर्मियों एवं 12 सेक्टर अधिकारियों ने भाग लिया। जिसमें 204 पीठासीन अधिकारी, 238 सहायक पीठासीन अधिकारी तथा 480 मतदान कर्मी शामिल रहे। इस दौरान 20 महिला मतदान कर्मियों ने भी भाग लिया। जिसमें 5 पीठासीन व 5 सहायक पीठासीन तथा 10 मतदान महिला कर्मी शामिल रहीं। चुनाव आयोग के निदेर्शानुसार जोगिन्दर नगर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में दो मतदान केंद्र ऐसे स्थापित किये जा रहे हैं जिनका संपूर्ण संचालन महिला मतदान कर्मियों द्वारा ही किया जाएगा जबकि सुरक्षा कर्मी के तौर पर भी महिलाएं ही तैनात रहेंगी। इस दृष्टि से महिला मतदान कर्मियों की भी इस चुनावी रिहर्सल में शामिल किया गया। इसके अलावा आठ युवा मतदान कर्मी जिसमें 2 पीठासीन व 2 सहायक पीठासीन तथा 4 मतदान युवा कर्मियों ने भी भाग लिया। चुनाव आयोग के निदेर्शानुसार जोगिन्दर नगर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में एक मतदान केंद्र ऐसा स्थापित रहेगा जिसमें सभी मतदान कर्मी युवा ही होंगे। उन्होने बताया कि इस दौरान उपस्थित सभी मतदान कर्मियों को पॉवर प्वाईंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से तमाम मतदान प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी गई। जिसमें मॉक पोल, ईवीएम व वीवीपैट मशीन संचालन के साथ-साथ मतदान प्रक्रिया के दौरान अपनाई जाने वाली विभिन्न गतिविधियों की विस्तृत जानकारी शामिल है। साथ ही सभी मतदान कर्मियों से चुनावी रिहर्सल के दौरान उपलब्ध करवाई गई संपूर्ण जानकारी को पूरी गंभीरता के साथ ग्रहण करने को भी कहा ताकि भविष्य में मतदान प्रक्रिया के दौरान किसी भी प्रकार की त्रुटि की संभावना न रहे। इस मौके पर तहसीलदार डॉ. मुकुल शर्मा, चुनाव सहायक मोहन सिंह भी मौजूद रहे। एसमल-31

### मृदा स्वास्थ्य पर जागरूकता शिविर से सतत प्रथाओं को दिया बढ़ावा



**मनीष**

**सोलन:** डॉ. यशवंत सिंह परमार औदयानिकी एवं वा ि न ा क ी विश्वविद्यालय, नौणी के विस्तार शिक्षा निदेशालय ने मृदा विज्ञान और जल प्रबंधन विभाग के सहयोग से मृदा स्वास्थ्य और जैविक पदार्थ के बारे में जागरूकता बढ़ाने पर केंद्रित एक दिवसीय कार्यक्रम की मेजबानी की। यह कार्यक्रम, मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन और कम्पोस्टिंग पर राष्ट्रीय अभियान का हिस्सा था जिसे मिशन लाइफ के तहत आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत भारतीय मृदा विज्ञान संस्थान, भोपाल द्वारा आयोजित एक ऑनलाइन सत्र के साथ हुई, जिसमें छात्रों, शिक्षकों और कर्मचारियों ने ऑनलाइन माध्यम से भाग लिया। इस सत्र के दौरान देश भर के प्रतिष्ठित मृदा वैज्ञानिकों ने प्राकृतिक खेती, मृदा स्वास्थ्य और वर्मीकम्पोस्टिंग पर अंतर्दृष्टि साझा की। दोपहर के कार्यक्रम को निदेशालय द्वारा एक क्षेत्रीय प्रदर्शन और इंटरैक्टिव सत्र के रूप में आयोजित किया गया। विभागाध्यक्ष डॉ. एमएल वर्मा ने भूमि बहाली, मरुस्थलीकरण और सूखे से निपटने विषय के संदर्भ में मिट्टी के स्वास्थ्य के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि कैसे स्वस्थ मिट्टी एक गतिशील जीवन प्रणाली के रूप में कार्य करती है, जो पानी की गुणवत्ता, पौधों की उत्पादकता, पोषक तत्वों के पुनर्चक्रण, अपघटन और ग्रीन हाउस गैस विनियमन के लिए महत्वपूर्ण विभिन्न पारिस्थितिकी तंत्र सेवाएं प्रदान करती है।

# ऊं नमः शिवाए मंत्र जपने से मिटते हैं सकल कलेश:पंडित सुरेश भारद्वाज



**कश्मीर ठाकुर**

**बिलासपुर:** जिले के समोह कस्बे में श्रीशिव महापुराण कथा का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर भव्य कलश यात्रा निकाली गई तथा पावन कथा ग्रंथ को सादर आयोजन स्थल तक लाया गया तथा विधिवत मंत्रोच्चारण के साथ प्रतिष्ठापित करते हुए पंडित सुरेश भारद्वाज ने सभी श्रद्धालुओं का स्वागत किया। प्रथम दिन प्रवचनों की अमृतवर्षा करते हुए कथावाचक पंडित सुरेश भारद्वाज ने पंचाक्षर यानि ऊं नमः शिवाय के बारे विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि वेदों और पुराणों के अनुसार शिव अर्थात सृष्टि के सृजनकर्ता को प्रसन्न करने के लिए सिर्फ ऊं नमः शिवाय का जप ही काफी है। भोलेनाथ इस मंत्र से बहुत जल्दी प्रसन्न होते हैं एवं इस मंत्र के जप से आपके सभी दुःखए कष्ट समाप्त हो जाते है। श्रावण माह में स्वयं भगवान शिव माता पार्वतीए गणेशए कार्तिकेयए नंदी और अपने शिवगणों सहित पृथ्वी पर विराजते हैं। श्रावण का महीना शिव भक्तों के लए बहुत महत्वपूर्ण होता है। इस मास में वे अपने आराध्य भोलेनाथ की विधिण्विधान से पूजाकर उनका आशीर्वाद लेते हैं। शिवपूजा का सर्वमान्य पंचाक्षर मंत्र ऊं नमः शिवाय जो प्रारंभ में ऊं संयोग से षडाक्षर हो जाता हैए भगवान शिव को शीघ्र ही प्रसन्न कर देता है।

हृदय में ऊं नमः शिवाय् का मंत्र समाहित होने पर संपूर्ण शास्त्र ज्ञान एवं शुभ कार्यों का ज्ञान स्वयं ही प्राप्त हो जाता है। पंडित भारद्वाज ने बताया कि श्रीशिव महापुराण कथा के अनुसार एक बार मां पार्वती भोलेनाथ से पूछती हैं कि कलियुग में समस्त पापों को दूर करने के लिए किस मंत्र का आशय लेना चाहिएए् देवी पार्वती के इस प्रश्न का उत्तर देते हुए भगवान शिव कहते हैं कि प्रलय काल में जब सृष्टि में सब समाप्त हो गया थाए तब मेरी आज्ञा से समस्त वेद और शास्त्र पंचाक्षर में विलीन हो गए थे। सबसे पहले शिवजी ने अपने पांच मुखों से यह मंत्र ब्रह्माजी को प्रदान किया था।

## भूमती स्कूल में विद्यार्थियों के साथ पंचायत प्रतिनिधियों एवं आम लोगों ने समझा मतदान का महत्व

**मनीष**

**सोलन:** विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र अर्की की सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचन सहभागिता कार्यक्रम (स्वीप) टीम ने लोकसभा चुनाव के लिए चलाए जा रहे मतदाता जागरूकता अभियान के तहत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भूमती में मतदाता जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए स्वीप नोडल अधिकारी प्रो. यशपाल शर्मा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निदेर्शानुसार निर्वाचन विभाग अर्की लगातार यह प्रयास कर रहा है कि आने वाले लोकसभा चुनाव में शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित किया जा सके।

# संत निरंकारी मिशन के रक्तदान शिविर में 75 श्रद्धालुओं ने किया रक्तदान

**रक्तदान शिविर**

**8 मानव एकता दिवस के उपलक्ष पर संत निरंकारी सत्संग भवन घुमारवीं में रक्तदान शिविर का आयोजन**



**कश्मीर ठाकुर**

**बिलासपुर:** सदगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज के आशीर्वाद द्वारा ब्रांच घुमारवीं में संत निरंकारी चैरिटेबल फ उंडेशन द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्घाटन गोवर्धन शर्मा जोनल इंचार्ज हमीरपुर जोन द्वारा किया गया। उन्होंने रक्तदान शिविर में सम्मिलित होने वाले रक्तदाताओं को प्रोत्साहित किया एवं जनकल्याण के लिए की गई उनकी सच्ची सेवा की प्रशंसा भी की। जिसमें सन्त निरंकारी मिशन के 75 श्रद्धालु भक्त एवं सेवादारों द्वारा निःस्वार्थ भाव से रक्तदान किया गया।

इसके अतिरिक्त जोनल इंचार्ज महात्मा गोवर्धन दास ने रक्तदान शिविर में उपस्थित सभी गणमान्य अतिथियों सहित डॉक्टर एवं उनकी टीम का तथा रक्तदाताओं का हृदय से आभार व्यक्त किया गया। इस मानव एकता दिवस के उपलक्ष्य पर एक बिशाल सतसंग का आयोजन भी किया गया। जिसमें कुठेड़ा, कपाहड़ा, दधोल, हवन, फ गोग, समोह, के श्रद्धालु शामिल हुये।

# निरंकारी एकता दिवस में उपायुक्त मुकेश ने किया रक्तदान

**आग्रह**

**8 लोकसभा चुनाव में मतदान करके लोकतंत्र के प्रति अपनी जिम्मेवारियों को निभाने का किया आग्रह**



**हामिद**

**चंबा:** उपायुक्त मुकेश रेपसवाल की अध्यक्षता में संत निरंकारी चैरिटेबल फ उंडेशन के तत्वावधान में संस्था के मानव एकता दिवस के अवसर पर मुगला में पंडित जवाहरलाल नेहरू राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उपायुक्त मुकेश रेपसवाल व उनकी धर्मपत्नी प्रियंका रेपसवाल सहित दूर-दराज के क्षेत्रों से आए मिशन के अनुयायियों ने उत्साहपूर्वक रक्तदान किया। मुकेश रेपसवाल ने अपने संबोधन में संस्था के अनुयायियों को सामाजिक सेवा से संबंधित कार्यों की शुभकामनाएं देते हुए आगामी लोकसभा निर्वाचन के दौरान मतदान करके भारतीय लोकतांत्रिक व्यवस्था में अपनी महत्वपूर्ण जिम्मेवारियों के निर्वहन का आह्वान भी किया।

उन्होंने लोगों से आग्रह करते हुए कहा कि वे लोकतंत्र के इस महापर्व में बढ़चढ़ कर भाग लेकर अपनी भूमिका तथा भागीदारी पर गर्व अवश्य अनुभव करें। इस मौके पर संस्था के अनुयायियों ने मतदाता हस्ताक्षर दीवार पर हस्ताक्षर करके मतदान के साथ लोकतंत्र की मजबूती में अपने योगदान देने की भी प्रतिबद्धता व्यक्त की। इससे पहले संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन के स्थानीय प्रतिनिधियों ने उपायुक्त का यहां पधारने पर स्वागत किया। इस अवसर पर संस्था के काफी संख्या में अनुयायी उपस्थित रहे।

# बुजुर्गो का अनुभव व्यवस्था को पटरी पर लाने के लिए होगा कारगर सिद्ध: बसंत



**कश्मीर ठाकुर**

**बिलासपुर:चूंकि** हमारा आधार और सभ्य समाज की नींव ही हमारे बुजुर्ग हैं जिनके पास इतना अनुभव है कि वे आज भी सुसंस्कारयुक्त माहौल बनाने में सक्षम हैं। ऐसे में भारत देश की अनमोल धरोहर बुजुर्गों का हर जगह सम्मान होना आवश्यक है ताकि उनके अनुभव और कुशल मार्गदर्शन से समाज के साथ-साथ देश को बेहतर दिशा दी जा सके। यह बात बरमाणा के अडानी एसीसी गागल सीमेंट वर्क्स के क्लब में बुजुर्गों के लिए आयोजित वरिष्ठ नागरिक सम्मान समारोह की अध्यक्षता करते हुए अडाणी ग्रुप के एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर बसंत गड़वी ने कही। उल्लेखनीय है कि बसंत गड़वी सीएम नरेंद्र मोदी की सरकार में गुजरात सूचना आयोग में राज्य मुख्य सूचना आयुक्त के पद पर आसीन थे। वहीं उन्होंने कहा कि आज देश भर में आजादी का अमृत महोत्सव बड़े धूमधाम से मनाया जा रहा है लेकिन खुली फिजाओं में सांस लेने का सौभाग्य देने वाले हमारे वरिष्ठ नागरिक और बुजुर्ग ही है। इसलिए वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान सबसे पहले और जरूरी है। बसंत गड़वी ने कहा कि वरिष्ठ नागरिकों ने वक्त की थपेड़ें खाकर स्वयं को पकाया है ऐसे में उनका अनुभव और सानिध्य यदि किसी को मिलता है तो वह वास्तव में भाग्यशाली होता है। वरिष्ठ नागरिकों को भी चाहिए कि वे स्वेच्छा से आगे आएं तथा समाज को बेहतर दिशा देने के लिए कार्य करें। वहीं इसी मसले पर प्रोजेक्ट हैड तथा मुख्य प्रबंधक अडाणी एसीसी ग्रुप संजय वशिष्ठ ने कहा कि वर्तमान में नशा हमारी युवा पीढ़ी को खोखला कर रहा है तथा यह पीढ़ी बबार्दी की कगार पर निरंतर अग्रसर हो रही है। उन्होने कहा कि वरिष्ठ नागरिक अपने अनुभवों और कुशल तरीकों से इस बबार्दी को रोकने में अहम भूमिका निभा सकते हैं। वहीं उन्होंने सम्मान समारोह पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि वरिष्ठ नागरिकों और बुजुर्गों का सम्मान करना हमारे समाज की परम्परा है, इस परंपरा को आगे बढ़ाने का काम अडानी एसीसी सीमेंट समूह शिद्दत से कर रही है। आयोजित इस समारोह में वृद्धजनों व गणमान्य नागरिक एवं सामाजिक जनों को शाल व हिमाचली टोपी देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन सीएसआर के वरिष्ठ प्रबंधक हितेंद्र कपूर ने किया। इस कार्यक्रम में सीएमओ मुकेश सक्सेना, प्लांड हैड एचआर पदमनाभ शर्मा, एचआर विक्रमजीत सिंह, सीपीएम अधिकारी सुकांता बैनर्जी, अडाणी फ उंडेशन अधिकारी हरीश बंसल, सहित आदि।

# बिलासपुर क्रिकेट अकैडमी के लिए ट्रायल 28 अप्रैल को: विशाल जगोता

**कश्मीर ठाकुर**

**बिलासपुर: करीब** दो वर्षों के अंतराल के बाद लुहणु क्रिकेट मैदान में अकैडमी के लिए ट्रायल होंगे। हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोशिएशन के तत्वावधान में संचालित बिलासपुर क्रिकेट अकैडमी के नए सत्र की तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। यह जानकारी देते हुए बिलासपुर क्रिकेट संघ सचिव तथा बीसीसीआई सीनियर टूनामेंट चयन समिति सदस्य विशाल जगोता ने बताया कि आगामी रविवार यानि 28 अप्रैल को अकैडमी के नए सत्र के लिए ट्रायल का आयोजन किया जा रहा है। इसमें कुल अस्सी सीटें रखी गई हैं जिसमें साठ लडके और बीस लडक ी खिलाडि ?ों का चयन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस चयन प्रक्रिया में फ्रै शर भी आमंत्रित हैं। इसमें खिलाडि ?ों की न्यूनम आयु सीमा नौ वर्ष है जबकि अधिकतम आयु सीमा 16 साल रखी गई है। उन्होंने बताया कि चयन प्रक्रिया रविवार को सुबह नौ बजे शुरू हो जाएगी। उन्होंने इच्छुक खिलाडि ?ों और उनके अभिभावकों से आग्रह किया है कि यदि उनके बच्चे क्रिकेट खेल में रूचि रखते हों तो इस अवसर का लाभ उठाएं। बिलासपुर क्रिकेट सचिव विशाल जगोता ने बताया कि कोरोना काल के बाद व्यवस्था को पटरी पर लाने के लिए समय लगाए इसलिए दो-तीन साल के अंतराल के बाद एक बार फिर से अकैडमी की गतिविधियों को सुचारू करने के लिए क्रिकेट अकैडमी के लिए ट्रायल आयोजित किए जा रहे हैं।



